# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा।

क्रमांकः—वमखुविवि / कुस(बैठक) / 16 / 201-09 दिनांकः—02.02.16

1. प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार सचिवालय, जयपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार सचिवालय, जयपुर।
3. संभागीय आयुक्त, जयपुर(प्रतिनिधि प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, राज0 सरकार, जयपुर।)
4. डा0 दामोदर शर्मा, प्रबंध मंडल, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।
5. डा0 मोहन लाल साहू, सदस्य, प्रबंध मंडल, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।
6. प्रो0 प्रदीप साहनी, स्कुल आफ सोशियल सांइस, इंदिरा गांधी रा0 मु0 विश्वविद्यालय, मैदान गढी, नई दिल्ली।
7. प्रो0 एल0 आर0 गुर्जर, आचार्य, राज0 विज्ञान, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।
8. प्रो0 दिनेश गुप्ता, आर्चाय, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान वमखुविवि,कोटा।
9. डा0 जितेन्द्र कुमार शर्मा , निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,अजमेर।

विषयः—प्रबंध मंडल की 93वीं बैठक दिनांक 30 जनवरी 2016 के कार्यवाही विवरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

विषयान्तर्गत उल्लेखित बैठक का कार्यवाही विवरण माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन बाद संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है , संलग्न कार्यवाही विवरण के सम्बन्ध में यदि कोई टिप्पणी हो तो दस दिवस में इस कार्यालय का अवगत करवाने का कष्ट करें।

**सादर।**

भवदीय

संलग्नः—उपरोक्तानुसार।

कुलसचिव
एवं
सचिव (प्रबंध मंडल)

प्रतिलिपी संलग्नक सहित सचिव, कुलपति सचिवालय को प्रेषित कर लेख है कि संलग्न कार्यवाही विवरण माननीय कुलपति महोदय को अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने का श्रम करें।

कुलसचिव

# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा।

## कार्यवाही विवरण

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल की 93 वीं बैठक दिनांक 30 जनवरी 2016 को मध्यान्ह पूर्व 11.30 बजे क्षेत्रीय केन्द्र कार्यालय, जयपुर में आयोजित की गई, बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गयाः—

| | | |
|---|---|---|
| 01. | प्रो0 अशोक शर्मा<br>कुलपति,<br>वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा। | अध्यक्ष |
| 02. | प्रो0 दामोदर शर्मा<br>जोधपुर | सदस्य |
| 03. | डा0 एम0 एल0 साहू<br>कोटा। | सदस्य |
| 04. | प्रो0 प्रदीप साहनी<br>स्कूल आफ सोशियल सांइस<br>इंदिरा गांधी रा0मु0वि0वि0, नई दिल्ली। | सदस्य |
| 05. | प्रो0 एल0 आर0 गुर्जर<br>आचार्य, राज0 विज्ञान<br>वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा। | सदस्य |
| 06. | प्रो0 दिनेश कुमार गुप्ता<br>निदेशक, शोध<br>वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा। | सदस्य |
| 07. | डा0 जे0के0 शर्मा<br>निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र<br>वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,अजमेर। | सदस्य |
| 08. | कुलसचिव<br>वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा। | सचिव |
| 09. | श्री सुरेश चंद्र शर्मा<br>नियंत्रक, वित्त<br>वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा। | विशेष आमंत्रित |

आवश्यक गणापूर्ती बाद माननीय कुलपति महोदय द्वारा नवीन सदस्यगणों का स्वागत करते हुए नवीन सदस्यों प्रो0 दोमोदर शर्मा एवं डा0 एम0एल0 साहू का सदन से परिचय करवाया गया एवं पूर्व सदस्य प्रो0 एम0 एम0 सालुंखे एवं प्रो0 मंजूलिका श्रीवास्तव द्वारा किए गए सहयोग के लिए सदन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करने के बाद कार्यसूची विवरण में उल्लेखित प्रस्तावों पर बिंदुवार चर्चा प्रारंभ की गई तदुपरांत प्रस्तावों पर निम्नानुसार निर्णय किए गए :–

93/01 प्रबंध मंडल की 92वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

प्रबंध मंडल की 92वीं बैठक के कार्यवाही विवरण पर प्राप्त टिप्पणी के सम्बन्ध में सदन में चर्चा उपरांत निर्णय किया गया कि परीक्षा नियंत्रक एवं निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र की योग्यता में संशोधन के सम्बन्ध में पूर्व गठित समिति में डा0 अरविंद पारीक के स्थान पर डा0 जे0के0 शर्मा को तथा प्रो0 श्रीमती मंजूलिका श्रीवास्तव के स्थान पर प्रो0 प्रदीप साहनी को सदस्य बनाया जाए एवं शेष सदस्यों से भी पुनः सहमति प्राप्त की जाए।

93/02 प्रबंध मंडल की 92वीं बैठक के निर्णयों की पालना में की गई कार्यवाही का पालना प्रतिवेदन अवलोकनार्थ।

92 बैठक के निर्णयों के क्रम में प्रस्तुत पालना प्रतिवेदन का अवलोकन कर की गई पालना पर संतुष्टि व्यक्त की गई।

93/03 विद्या परिषद की 52वीं बैठक दिनांक 27 जुलाई 2015 एवं 53वीं बैठक दिनांक 09 जनवरी 2016 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

सदन द्वारा विद्या परिषद की 52वीं एवं 53वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

93/04 डी0लिट0 की मानद उपाधि हेतु विद्या परिषद द्वारा अनुमोदित नाम के अनुमोदन का प्रस्ताव।

"दीक्षांत समारोह में मानद उपाधि प्रदान किए जाने के लिए विद्या परिषद द्वारा अनुमोदित निम्नलिखित नाम को सदन द्वारा अनुमोदित किया गया :–

जस्टिस डा0 दलवीर भंडारी
इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस, हेग, नीदरलैंड।

93/05 वित्त समिति की 54वीं बैठक दिनांक 25 जनवरी 2016 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

नियंत्रक वित्त द्वारा वित्त समिति की 54 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण एवं उसके साथ संलग्न वर्ष 2016–17 के बजट प्रस्तावों के सम्बन्ध में सदन को अवगत करवाए जाने के बाद सदन द्वारा की वित्त समिति की बैठक का कार्यवाही विवरण एवं वर्ष 2016–17 के बजट प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

93/06 आयोजना मंडल में प्रबंध मंडल द्वारा मनोनीत सदस्य के सम्बन्ध में विचार विमर्श।

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय अधिनियम 1987 में वर्णित स्टेच्युट्स संख्या 9(1)(b) में आयोजना मंडल में प्रबंध मंडल के सदस्य प्रो0 दिनेश गुप्ता का मनोनयन किए जाने का निर्णय किया गया।

93/07 होरिजेंटल आरक्षण की पालना हेतु पदों को चिन्हित करने बाबत् गठित समिति की अनुशंसाऐं अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा होरिजेंटल आरक्षण के प्रावधान के सम्बन्ध में सदन को जानकारी दिए जाने के बाद सदन द्वारा समिति के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

93/08 राज्य सरकार से प्राप्त सहमति के क्रम में विधि सहायक का पदनाम परिर्वतित कर कनि0 विधि अधिकारी किए जाने बाबत् जारी आदेश पुष्टि हेतु।

विधि सहायक का पदनाम परिर्वतित कर कनि0 विधि अधिकारी किए जाने बाबत् जारी आदेश क्रमांक 9565 दिनांक 05.11.15 की पुष्टि की गई।

93/09 माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम 1987 में प्रदत्त शक्तियों के तहत किए गए निर्णय एवं इनकी पालना में जारी आदेश सूचनार्थ।

विश्वविद्यालय अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों के तहत जारी किए गए निम्नलिखित आदेशों को सदन द्वारा नोट किया गया :–

- पद समाप्ति सम्बन्धी आदेश क्रमांक 8895 दिनांक 23 जुलाई 2015 ।
- वित्त समिति में प्रबंध मंडल द्वारा मनोनीत सदस्यों के प्रावधान के तहत वित्त समिति में सदस्यों के मनोनयन सम्बन्धी आदेश क्रमांक 53 दिनांक 08 जनवरी 2016

तत्पश्चात् आसन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरांत बैठक समाप्त घोषित की गई।

(हस्ताक्षर)

कुलसचिव
एवं सचिव, प्रबंध मंडल